December - January
2025-2026 | Issue 8

Namo Bharat Connect Helpline: 08069651515
Email: customercare@ncrtc.in

# नमो भारत टाइम्स

# Namo Bharat Times









Index

02 Cover Story
09 Latest @NamoBharat
17 Commuter Corner
18 Canvas & Commute
19 Spotlight
21 Namo Bharat Trivia
24 Behind the Tracks
25 Commuter of the Month

Make your journey convenient with the Namo Bharat Connect App. Get it on

**Cover Story**

# न्यू अशोक नगर में नमो भारत और दिल्ली मेट्रो के बीच 'सिंगल-पॉइंट सिक्योरिटी चेक' शुरू; अब यात्रा होगी और भी आसान

एनसीआरटीसी ने न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन पर दिल्ली मेट्रो के साथ सिंगल-पॉइंट सिक्योरिटी चेक की शुरुआत की है। यह यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है, जो इंटरचेंज की प्रक्रिया को तेज़, आसान और बाधा रहित बनाता है। इस नई व्यवस्था के तहत, अब न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन और दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन के बीच आने-जाने वाले यात्रियों को केवल एक बार सुरक्षा जांच से गुजरना होगा, जिससे उन्हें बार-बार लंबी कतारों और अनावश्यक देरी से मुक्ति मिलेगी। यह सुविधा दोनों स्टेशनों को जोड़ने वाले फुट ओवर ब्रिज (FOB) और मेट्रो के गेट नंबर-2 पर नए चेकपॉइंट के जरिए संभव हुई है, जो दिल्ली-मेरठ के बीच यात्रा करने वालों के अनुभव को और अधिक सुखद बनाएगी।




टिकट दिखाकर प्रवेश करते यात्री



नमो भारत और मेट्रो के बीच आसान इंटरचेंज



## नमो भारत और मेट्रो कनेक्टिविटी हुई सरल



## सिंगल सिक्योरिटी चेक से तेज़ आवागमन

इसी प्रकार, कनेक्टिविटी को और मजबूत करने के लिए गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन पर एक नया 300 मीटर लंबा फुट ओवर ब्रिज शुरू किया गया है, जो शहीद स्थल (न्यू बस अड्डा) मेट्रो स्टेशन को सीधे जोड़ता है और भविष्य में यहाँ यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रैवललेटर भी लगाए जाएंगे। एनसीआरटीसी (NCRTC) की यह पहल मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन की व्यापक रणनीति का हिस्सा है, इसके पहले डिजिटल इंटीग्रेशन की दिशा में कदम उठाते हुए, दिल्ली मेट्रो के साथ एकीकृत QR टिकटिंग व्यवस्था पहले ही लागू की जा चुकी है, ताकि यात्री दोनों परिवहन माध्यमों में से किसी के भी मोबाइल एप्लीकेशन द्वारा, नमो भारत और मेट्रो, दोनों के लिए टिकट बुक कर सकें। यह एकीकृत दृष्टिकोण न केवल यात्रा के समय को कम करता है, बल्कि सार्वजनिक परिवहन को निजी वाहनों की तुलना में अधिक व्यावहारिक और आकर्षक विकल्प के रूप में स्थापित करता है, जो भविष्य की तेज़ और भरोसेमंद शहरी मोबिलिटी की दिशा में एक बड़ा बदलाव है।

# Cover Story

## एनसीआरटीसी ने किया 'गणतंत्र गौरव उत्सव' का भव्य आयोजन कर बनाया यादगार

देशभक्ति, एकता और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एनसीआरटीसी ने गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन पर 'गणतंत्र गौरव उत्सव' का भव्य आयोजन किया। इस अद्भुत आयोजन ने स्टेशन को परिवहन केंद्र के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बना दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इंटर-स्कूल देशभक्ति गायन प्रतियोगिता रही, जिसमें दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ के प्रतिष्ठित स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। नन्हे कलाकारों की प्रस्तुतियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के अमर बलिदान को जीवंत किया और पूरे स्टेशन परिसर को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

उत्सव का एक अन्य आकर्षण राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष प्रदर्शनी रही, जिसने यात्रियों को देश की गौरवशाली स्वतंत्रता यात्रा से भावनात्मक रूप से जोड़ा। कार्यक्रम में एनसीआरटीसी के निदेशकगण और बड़ी संख्या में यात्री उपस्थित रहे। यह आयोजन एनसीआरटीसी की उस दूरगामी योजना को दर्शाता है, जिसके तहत नमो भारत स्टेशनों को सामाजिक और प्रेरणादायी 'सोशल हब' के रूप में विकसित किया जा रहा है।




गणतंत्र गौरव उत्सव की सांस्कृतिक झलक

Namo Bharat Connect Helpline: 08069651515 Email: customercare@ncrtc.in




नमो भारत स्टेशन पर सांस्कृतिक प्रस्तुति



स्टेशन पर गूंजे देशभक्ति के स्वर

Namo Bharat Connect Helpline: 08069651515 Email: customercare@ncrtc.in



संस्कृति के रंग में रंगा उत्सव




कला संग मनाया राष्ट्रीय पर्व

Make your journey convenient with the Namo Bharat Connect App. Get it on

# Latest @NamoBharat

## नमो भारत बीट्स' के स्पेशल शो ने सुरों की महफिल के साथ नए साल 2026 का स्वागत किया




संगीत से सजी नमो भारत यात्रा

देश की पहली नमो भारत ट्रेन न केवल तेज़ और सुरक्षित यात्रा के लिए जानी जाती है, बल्कि यात्रियों को मनोरंजन और नए अनुभव भी प्रदान कर रही है। इसी कड़ी में नववर्ष 2026 की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर को एनसीआरटीसी ने आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर 'नमो भारत बीट्स' के अंतर्गत एक विशेष लाइव म्यूज़िक शो आयोजित किया। यह शो नियमित शुक्रवार शाम 5 से 6 बजे होने वाले कार्यक्रम का विशेष संस्करण था, जिसने यात्रियों के सफर को उत्सवपूर्ण माहौल में बदल दिया।



सफर के साथ मिला मनोरंजन

कार्यक्रम में सोलो आर्टिस्ट ने गिटार की मधुर धुनों के साथ नए और पुराने लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए। स्टेशन परिसर संगीत और उमंग से भर गया। यात्री तालियाँ बजाते, गीतों को गुनगुनाते और संगीत पर थिरकते नजर आए। बच्चों, युवाओं और महिलाओं सहित सभी ने इस शाम का भरपूर आनंद लिया और यादगार पलों को अपने मोबाइल में कैद किया।

यह मंच उभरते कलाकारों, छात्रों और संगीत प्रेमियों के लिए खुला है.

जो नमो भारत के सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के माध्यम से पंजीकरण कर अपनी प्रतिभा हज़ारों यात्रियों के सामने प्रदर्शित कर सकते हैं। नमो भारत की यात्रा अब केवल मंज़िल तक पहुँचने का माध्यम नहीं, बल्कि सुखद अनुभवों का सफर बन चुकी है। अब हर शुक्रवार आनंद विहार स्टेशन पर संगीत यात्रियों का स्वागत करता है, और सुर-ताल उनके सफर के सच्चे हमसफर बन गए हैं।



संगीत से सजी नमो भारत यात्रा



लाइव बीट्स पर मुस्कुराते चेहरे

## Latest @NamoBharat

# 'नमो भारत के साथ ग्रीन क्रिसमस' अभियान में सांता ने पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक परिवहन अपनाने का संदेश दिया



नमो भारत स्टेशन पर क्रिसमस की खुशियाँ

क्रिसमस के शुभ अवसर पर एनसीआरटीसी (NCRTC) ने दिल्ली–एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए विशेष जन-जागरूकता अभियान "नमो भारत के साथ एक ग्रीन क्रिसमस" का आयोजन किया। यह दो दिवसीय अभियान (24-25 दिसंबर) काफी आकर्षक और अनोखा रहा। इसके तहत सांता क्लॉज़ को स्वच्छ मोबिलिटी का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया, जिन्होंने रोचक अंदाज़ में लोगों को पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक परिवहन अपनाने के लिए प्रेरित किया।

आनंद विहार और गाजियाबाद जैसे प्रमुख नमो भारत स्टेशनों को क्रिसमस ट्री और सुंदर सजावट से सजाया गया, जिससे स्टेशन परिसर उत्सव और खुशियों से भर गया। यात्रियों और बच्चों ने सांता क्लॉज़ के साथ सेल्फी ली और जश्न का आनंद लिया।

अभियान की सबसे खास बात यह रही कि 'सांता' ने नमो भारत ट्रेनों में यात्रियों से सीधे संवाद किया और उन्हें निजी वाहनों की बजाय सार्वजनिक, आधुनिक और स्वच्छ परिवहन साधन चुनने के लिए धन्यवाद देते हुए चॉकलेट्स वितरित कीं। यह संदेश स्टेशनों तक सीमित न रहकर सड़क और चौराहों तक भी पहुंचा। सांता क्लॉज़ ने कार और बाइक सवार लोगों को समझाया कि सार्वजनिक परिवहन अपनाकर वे वायु प्रदूषण कम करने में अहम योगदान दे सकते हैं।

मनोरंजन और उत्सव के माध्यम से यह संदेश लोगों के दिलों को छू गया और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाई। इस अभियान में एनसीआरटीसी के संचालन भागीदार डीबी आरआरटीएस ऑपरेशंस इंडिया ने भी सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे दिल्ली-एनसीआर में स्वच्छ मोबिलिटी के प्रति सकारात्मक और प्रेरक माहौल तैयार हुआ।




**बच्चों संग सांता की मुस्कान भरी मुलाकात**



**सैंटा संग यादगार सफर की तस्वीर**

# Latest @NamoBharat

## आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर आयोजित 'स्टोरीबॉक्स' बुक फेयर; किताब प्रेमियों के लिए बना यादगार सफर

एनसीआरटीसी ने बुकटेल्स के सहयोग से आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर 'स्टोरीबॉक्स' बुक फेयर का सफल आयोजन किया, जिसने यात्रियों के रोज़ाना सफ़र में किताबों और कहानियों का नया रंग भर दिया। यह बुक फेयर लगभग 10 दिनों के लिए आयोजन किया गया जिसने यात्रियों को अपनी पसंदीदा किताबें देखने, चुनने और खरीदने का अनोखा अवसर मिला।





स्टेशन पर सजा किताबों का संसार

बुक फेयर की सबसे खास बात इसकी 'बॉक्स-आधारित' खरीदारी पद्धति रही। इसके अंतर्गत लोग अलग-अलग किताबें खरीदने के बजाय, एक बॉक्स भरकर किताबें चुन सकते थे और इकट्ठा ख़रीद सकते थे। इसके लिए दो अलग-अलग बॉक्स साइज़ के विकल्प उपलब्ध थे। इस नवाचार ने पाठकों को बिना बजट की चिंता किए फिक्शन, नॉन-फिक्शन और बच्चों की श्रेणियों में अपना निजी संग्रह बनाने के लिए प्रेरित किया।

आयोजन को और ख़ास बनाया लेखक 'मीट एंड ग्रीट' सेशन और एक विशेष 'मर्चेंडाइज़ ज़ोन' ने। इसका हर उम्र के लोगों ने भरपूर आनंद लिया। आनंद विहार जैसे व्यस्त ट्रांज़िट हब पर बुक फेयर का होना यात्रियों के लिए बेहद सुविधाजनक रहा।

एनसीआरटीसी की यह पहल, स्टेशनों को 'कम्यूटर-फ्रेंडली स्पेस' बनाने के प्रयासों को भी दिखाती है, नमो भारत स्टेशनों को केवल ट्रांज़िट पॉइंट नहीं बल्कि कला, संस्कृति और शिक्षा से जुड़े जीवंत 'सोशल हब' के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह पहल यात्रियों की दैनिक यात्रा को आनंदमय और सार्थक बनाने के साथ-साथ सामुदायिक जुड़ाव को भी बढ़ावा देती है।




स्टेशन में सजी किताबों की दुनिया



नमो भारत स्टेशन बना पुस्तक हब



पढ़ते यात्री, बदलता स्टेशन अनुभव

# Beyond Operations: A Moment of Care at Duhai Namo Bharat Station

On a freezing December day at Duhai Namo Bharat Station, an elderly man was found shivering near Gate No. 1, weak and alone with no identifiable details. What could have been a routine moment turned into an act of quiet humanity.




सेवा से बना इंसानियत का पल




नमो भारत टीम का संवेदनशील कदम

DB RRTS officials immediately stepped in, trying to trace his family with help from locals and the police. When no information emerged, the team ensured his safety by coordinating with a nearby NGO, The Save Life Foundation in Muradnagar.

During the journey, the frightened man panicked, drawing concern from villagers who briefly stopped the vehicle. With patience and empathy, the officials calmly explained the situation and reassured everyone allowing the journey to continue.

The man reached the shelter safely. When asked if he felt secure, he nodded with emotion and softly thanked the team.

That cold evening stood as a reminder that true service is not just about duty, but about compassion.

Namo Bharat Connect Helpline: 08069651515 Email: customercare@ncrtc.in

## Commuter Corner

# Journey and Joy

## Less hassle. More travel.








# Canvas & Commute










# Spotlight @NamoBharat

## Guldhar Namo Bharat Station



गुलधर स्टेशन, आधुनिक सफर का केंद्र


- Guldhar Namo Bharat Station is about 215 m long, 25 m wide and built at a height of 16 meters above ground.
- It has two levels, concourse level where ticketing and commuter facilities are provided, and the platform level.
- The station features two entry/exit gates, located on either side of the Delhi–Meerut Road (NH58).
- This station caters to a rapidly developing area with a significant number of educational institutions and coaching centers and provides seamless connectivity to residents of Guldhar, Raj Nagar, Raj Nagar Extension, and nearby localities
- A solar power plant with 1,620 high-efficiency panels has been installed at the station, which generates nearly 10 lakh units of electricity annually.
- Fast EV chargers have been installed in the parking area.
- Guldhar Namo Bharat Station is one of the first stations in India to receive the IGBC Net-Zero Energy (Operations) rating.

Namo Bharat Connect Helpline: 08069651515 Email: customercare@ncrtc.in




## आधुनिक सुविधाओं से सजा गुलधर स्टेशन




## स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर का नया उदाहरण




## गुलधर स्टेशन, सुविधा और गति संग

# नमो भारत में सार्वभौमिक पहुँच और समावेशिता




**स्टेशन तक आसान और सुरक्षित पहुंच**

यात्रियों की सुविधा भारत के पहले नमो भारत प्रोजेक्ट का मुख्य सिद्धांत और उद्देश्य है। लोगों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एनसीआरटीसी ने स्टेशन की संरचना, पहुँच और सुविधाओं पर खास ध्यान दिया है। यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ही स्टेशनों को डिजाइन किया गया है, ताकि उनकी यात्रा आसान, सुरक्षित और आरामदायक हो।

यात्रियों, खासकर बुजुर्गों, दिव्यांगों, बच्चों और महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए गए हैं, ताकि उनकी यात्रा आसान और बिना किसी परेशानी के हो सके।

दृष्टिबाधित यात्रियों की आसान और बिना रुकावट आवाजाही के लिए स्टेशनों पर खास टैक्टाइल पाथ बनाए गए हैं, जिससे उन्हें बिना किसी भ्रम के स्टेशन के मुख्य हिस्सों तक पहुँचने का सबसे आसान और सीधा रास्ता मिल सके।


चिकित्सीय जरूरतों के दौरान स्ट्रेचर और व्हीलचेयर को आसानी से ले जाने के लिए स्टेशनों पर विशेष रूप से बड़ी और खुली लिफ्टें लगाई गई हैं।



दिव्यांग यात्रियों के लिए आसान सफर




सबके लिए सुगम और सुरक्षित यात्रा




नमो भारत में समावेशी यात्री सुविधा

- स्टेशन परिसर के भीतर और आसपास 24×7 निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा विभिन्न गतिविधियों पर लगातार नज़र रखने और यात्रियों की सुरक्षा को और अधिक मज़बूत बनाने के लिए सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है।
- पैदल यात्रियों के अनुकूल रास्ते, लिफ्ट और एस्केलेटर, बैठने के लिए निर्धारित क्षेत्र तथा अन्य यात्री-केंद्रित सुविधाएं स्टेशनों पर सभी के लिए सुगम और सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करेंगी।
- यात्रियों को आसानी से घर से गंतव्य तक पहुंचाने और उनकी यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए एनसीआरटीसी ने फर्स्ट और लास्ट माइल सेवाएं देने वाले थर्ड-पार्टी सेवा प्रदाताओं के साथ साझेदारी की है।
- नमो भारत ट्रेनों में महिलाओं के लिए एक अलग से आरक्षित कोच की व्यवस्था की गई है। महिलाओं की सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली से मेरठ की ओर जाने वाली ट्रेनों में दूसरा कोच महिलाओं के लिए निर्धारित है। इस आरक्षित कोच में बैठने की क्षमता 72 सीटों की है। इसके अलावा, ट्रेन के अन्य कोचों में भी महिलाओं के लिए 10 अतिरिक्त सीटें आरक्षित रखी गई हैं।
- नमो भारत ट्रेनों में सभी यात्रियों के लिए आसान पहुंच और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए ट्रेन के अंतिम कोच में व्हीलचेयर और स्ट्रेचर के लिए खास जगह बनाई गई है।




**सुगम स्टेशन, सम्मानजनक सफर**

# यात्रियों की कलम से | आपकी कहानी, आपकी आवाज़

सफ़र सिर्फ़ दूरी तय करने का नाम नहीं,
यह एहसास, अनुभव और यादों का संग्रह है।

अब अपने शब्दों और तस्वीरों के ज़रिए
भारत और यात्राओं से जुड़ी कहानियाँ साझा करें।

## हम आमंत्रित करते हैं:

लेख | कविताएं | यात्रा की तस्वीरें | अनुभव आधारित रचनाएं



भेजें अपने कंटेंट ईमेल पर: pr@ncrtc.in
(National Capital Region Transport Corporation)

Namo Bharat Connect Helpline: 08069651515 Email: customercare@ncrtc.in

# Behind the Tracks



**Anuj Shakya**

Train Operator

**Q1. Could you start by telling us your name and where you're originally from?**

- I'm Anuj Shakya (TO), originally from Trilok Puri, Delhi.

**Q2. What educational background or training helped prepare you for this role?**

- I hold a diploma in Electrical Engineering with strong technical training.

**Q3. How has working as a Train Operator for the Namo Bharat train empowered you, personally and professionally?**

- This role has given me confidence, discipline, and a strong sense of responsibility. Professionally, it has strengthened my technical skills, decision-making, and ability to manage safety under pressure. Being part of a modern mobility project makes me proud to contribute to India's progress.

**Q4. What do you enjoy most about being a Train Operator for Namo Bharat?**

- The pride and responsibility of operating one of India's most advanced high-speed trains.

**Q5. Do you have any hobbies or interests that you pursue in your spare time?**

- I enjoy reading and writing poetry, which helps me relax and stay reflective.

**Q6. Has your experience here changed the way you view your career or future goals?**

- Yes, it has motivated me to keep learning and grow in the field of high-speed and sustainable transportation

## Namo Bharat Commuter of the Month

लखन बताते हैं कि पहले वह मेरठ से नोएडा तक बस से यात्रा किया करते थे, लेकिन इस दौरान उन्हें भारी ट्रैफिक जाम की समस्या झेलनी पड़ती थी। कई बार तो पांच-पांच घंटे तक जाम में फंसे रहना पड़ता था, जिससे सफर काफी मुश्किल हो जाता था। नमो भारत ट्रेन शुरू होने के बाद उनकी यात्रा पूरी तरह आसान हो गई है। अब वह बिना किसी जाम की चिंता के केवल 30 से 40 मिनट में मेरठ पहुंच जाते हैं, जिससे उनका समय भी बचता है और रोज़मर्रा की जिंदगी में उन्हें बड़ा फायदा हुआ है।



लखन



Editor : Puneet Vats
Sub Editor : Shraddha Awasthi
Published by : Corporate Communications, NCRTC

**Please address your correspondence to:**
The Editor,
Namo Bharat Times
Email: pr@ncrtc.in

**Disclaimer:** The information provided in this Newsletter is for the general reading purpose of Namo Bharat Commuters. The contents of the Newsletter are strictly for personal non-commercial use of the intended readers and lawful purposes.







